# अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 11 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण चतुर्थी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO.- IV : TOP**

## एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बढ़ाई गईं एमबीबीएस की 50 सीटें



बरेली (वि.)। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और विश्व स्तरीय उपचार के लिए जाना जाने वाला एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मरीजों के उपचार में अब और भी योगदान देगा। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलने से यहां मरीजों के इलाज के लिए 200 चिकित्सक समाज को रोग मुक्त करने के लिए तैयार होंगे। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहीं। कहा कि मेडिकल कॉलेज में संसाधनों की उपलब्धता के बाद एनएमसी ने चार वर्ष पहले नवंबर 2021 में एमबीबीएस की 50 सीटों की वृद्धि की थी। अब एनएमसी ने पत्र भेजकर यहां एमबीबीएस की 50 सीटों की और भी वृद्धि की।